साल 8 बेमिसाल
सामाजिक गतिविधियों का लेखा जोखा
सबसे पहले सबसे तेज


मासिक

# कुमावत इंडिया


कुमावत प्रगति ट्रस्ट की सामाजिक पत्रिका

Email : kumawatindiapatrika@gmail.com

Website : www.kumawatindiapatrika.in

वर्ष-8 | अंक : 9-10 अप्रेल-मई 2026 पृष्ठ-32 मूल्य : ₹ 20.00




Happy 50th ANNIVERSARY

*With the divine blessings of*
*Lt. Smt. Phoola Devi & Lt. Shri Phoolchand Ji Balodia*
*we celebrate*

# *Golden Jubilee Anniversary Celebration*

of

## Smt. Bimla Devi & Shri Madhav Das Balodia




Artist MADHAV

Specialist for thermocol job all kinds of venue decoration

"Balodia House", J-10-926, Ashok Chowk, Adarsh Nagar, Jaipur-302004

**9799398618/19/20**

Email.: artist_madhav@yahoo.co.in | artistmadhav@gmail.com

# कुमावत प्रगति ट्रस्ट

**पता : एफ-31-ए, एस.एल. मार्ग, लालबहादुर नगर प., दुर्गापुरा, जयपुर-302018**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **संरक्षक** | : | जयकिशन सोकिल | **मो. 9829125428** |
| **अध्यक्ष** | : | रामप्रकाश कुमावत एडवोकेट | **मो. 9887440666** |
| **उपाध्यक्ष** | : | रामप्रकाश कुमावत (मारवाल) | **मो. 9414074376** |
| **सचिव** | : | श्रीमती भारती तोंदवाल | **मो. 9414810584** |
| **कोषाध्यक्ष** | : | लक्ष्मी नारायण घोड़ीवाल | **मो. 9549656438** |
| **सदस्य ट्रस्टी** | : | सी.एम. कुमावत (बड़ीवाल) | **मो. 9829056063** |
| | | रमेश कुमावत (गेदर) | **मो. 9414554322** |
| | | चेतन बालोदिया | **मो. 9414052736** |
| **मुख्य सलाहकार** | : | सुरेन्द्र कुमार वर्मा (नागा) | **मो. 9414994006** |
| **सलाहकार** | : | गिरधारी लाल सिंघनवाल | **मो. 9414263429** |

**सम्पादक मण्डल :** रमेश चन्द कुमावत (गैदर) सम्पादक - 9414554322, **सह-सम्पादक :** रमेश तोंदवाल 9460870125 एवं प्रिया मारवाल 9408093778, लक्ष्मीनारायण सिरस्वा 9829791846, उर्वशी बालोदिया 9351680888, **पदेन सदस्य :** अध्यक्ष, सचिव एवं प्रकाशक।

**व्यवस्थापक मण्डल :** महेश चन्द जलान्धरा 9828118789, लालचन्द धुंधारिया 9413335998, सुरेन्द्र मारोठिया 9314820385, राजेश धुंधारिया 9314506330, राजेश कुमावत (मरोडिया) 9829097496, अशोक कुमावत -9352070394, श्रीमती शशि कला बालोदिया, मुकेश कारगवाल 9828606056 व राजसिंह बधानिया 9414238799 **उप-कोषाध्यक्ष :** खेमचंद खड़गटा 9829140629 **विधि सलाहकार :** विशेष आमंत्रित सदस्य : मनोज सिरस्वा।

**पत्रिका सहयोगी :**

**छत्तीसगढ़ :** रमेश कुमार तुनवाल **मो. 9425234397** **दिल्ली :** राधेश्याम घासोलिया **मो. 9818711580** **सूरत :** शुभकरण किरोड़ीवाल **मो. 9898097444** **वापी :** कृष्णगोपाल **मो. 9824892299** **मुम्बई :** विजय किरोड़ीवाल, **मो. 9867177188** **जींद (हरियाणा) :** बलवीर सिंह वर्मा **मो. 9355322301** **कोटा :** चन्द्र प्रकाश कांकर **मो. 9214983402** **सीकर :** रामगोपाल भोड़ीवाल **मो. 9610784657** **उदयपुर :** घनश्याम पटवा **मो. 9460913044,** जगदीश मामोडिया **मो. 9024805687** **ब्यावर :** नरेन्द्र आर्य **मो. 8107944493,** रवि बेडवाल **मो. 8290303003** **बगरू :** चेनसुख बड़ीवाल **मो. 9929012957** **सांगानेर :** सोहनलाल अजमेरा **मो. 9636860812** **इंदौर :** नेमीचंद कारवाल **मो. 9993998645** **किशनगढ़ :** प्रभुदयाल तुनगरिया **9680931428**

**प्रोसेसिंग व मुद्रक :** राज ब्लॉक्स, 22 गोदाम, जयपुर

**सदस्यता शुल्क रु. : विशिष्ठ संरक्षक- 5000, संरक्षक-3000, 10 वर्षीय-1300 एवं 5 वर्षीय-650**

**विज्ञापन दरें : अंतिम कवर पृष्ठ-3500, कवर पृष्ठ अन्दर, 3000, अन्दर 1 पृष्ठ-2500, 1/2 पृष्ठ-1300, 1/4 पृष्ठ-700**

**नोट 1 :** संरक्षक सदस्य को आजीवन (25 वर्ष) तक पत्रिका प्रेषित व 1 बार मय फोटो परिचय प्रकाशन, विशिष्ठ संरक्षक का आजीवन पत्रिका व प्रत्येक अंक में 10 वर्ष तक नाम का प्रकाशन।

**नोट 2.** 12 विज्ञापन निरन्तर देने पर 2 विज्ञापन नि:शुल्क प्रकाशित किये जायेंगे। 6 विज्ञापन निरन्तर देने पर 1 विज्ञापन नि:शुल्क प्रकाशित किया जायेगा।

**बैंक खाता : कुमावत प्रगति ट्रस्ट, संख्या 13850110020562 यूको बैंक, गांधी सर्किल, जयपुर, IFS Code : UCBA0001385** यदि राशि सीधे बैंक खाते में स्लिप/ऑनलाइन जमा कराई गई है तो कृपया व्हाट्सएप नं. 9549656438 पर रसीद प्रेषित करें।


**स्वत्वाधिकार :** कुमावत प्रगति ट्रस्ट के लिए प्रकाशक, मुद्रक सी.एम. कुमावत द्वारा राज ब्लॉक्स, बी-81, करतारपुरा इण्डस्ट्रीयल एरिया, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं एफ-31-ए, एस.एल. मार्ग, लालबहादुर नगर प., दुर्गापुरा, जयपुर-302018 से प्रकाशित, सम्पादक रमेश चंद कुमावत।

## सम्पादकीय



कक्षा 10वीं एवं 12वीं राजस्थान बोर्ड एवं केन्द्रीय बोर्ड के परिणाम आ गये हैं। परिणामों को देखकर एक सुखद अनुभूति हुई कि हमारे कुमावत समाज के विद्यार्थियों ने भी लगभग 99% तक अंक लाकर कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। यह प्रमाणित करता है कि इन बच्चों ने कितनी मेहनत और बुद्धि कौशल से ऐसा किया है। इसलिए हम पेरेन्ट्स और हमारे बच्चे यह नहीं सोचे कि वे किसी अन्य जाति के बच्चों से कम हैं। जिन विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा उत्तीर्ण कर ली है वे आगे की पढ़ाई के लिए मार्गदर्शन लें तथा रुचि के अनुरूप आगे के कोर्सेज/विषय चयन पर ध्यान दें। आज का युग आर्थिक युग है **तथा यह और अधिक इस ओर ही बढ़ेगा।** इसलिए विषय के चुनाव में इसका विशेष ध्यान रखना होगा। परन्तु कोई विद्यार्थी यदि गायन, संगीत, चित्रकला व कला की अन्य विधाओं में अधिक रुचि रखता है तो रुचि अनुरूप विषय में अपने कैरियर पर फोकस करने में ही सार्थकता है। आजकल अनेक नये विषयों के कोर्सेज हैं जिनमें BBA, BCA, B Pharma, B Arch आदि जिन्हें लेने पर विचार किया जा सकता है।

जिन विद्यार्थियों के कम नम्बर आये हैं उन्हें उदास होने की जरूरत नहीं है। केवल एक परीक्षा किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व का सही मापदण्ड नहीं होती। आगे की परीक्षाओं में मेहनत करके अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होकर इस कमी को दूर किया जा सकता है।

हमारे समाज के लोगों में आधारभूत बुद्धिमता रही है तभी तो वे इतने विशाल एवं आकर्षक महल, किले, मंदिर एवं भवन बना पाये। चाहे उन पर तत्कालीन राजाओं एवं शासकों का नाम लिखा हो परन्तु अन सीन हीरो (Unseen Heros) तो इनको बनाने वाले कारीगर हमारे बुजुर्ग रहे हैं। इस प्रकार बुद्धिमत्ता एवं कठिन मेहनत में हमारे समाज के लोगों का कोई सानी नहीं है। इसे प्रमाणित किया है हमारे विद्यार्थियों ने। ये सभी विद्यार्थियों को **'कुमावत इंडिया'** पत्रिका परिवार की ओर से हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामना।

डाक विभाग में पोस्टमैनों की कमी एवं उनकी लापरवाही से हमारे कुछ पाठकों के पास पत्रिका नहीं पहुंच पाती है। इस हेतु डाक विभाग को पत्रिका की ओर से शिकायती पत्र लिखे जाते हैं। पाठकगणों से भी निवेदन है कि वे भी अपने स्तर पर उनसे सम्बन्धित डाकघर को लिखित शिकायत करें। हालांकि हमारी जानकारी में आने पर हम और पत्रिका भेज देते हैं।

इस वर्ष पंचायतीराज एवं नगर निकायों के चुनाव होना प्रस्तावित हैं। इसमें कुमावत समाज के प्रत्याशी अपना भाग्य अवश्य अजमाये। इसके लिए धरातल पर कार्य अभी से करना होगा और अन्य समाज में अपनी पेठ बनाना जरूरी है। अत: योजनाबद्ध तरीके से हर कदम सोच समझ कर रखें तथा हमारे प्रत्याशी कैसे जीते इस पर हमारे समाज के सदस्यों को भी ध्यान रखना चाहिए। जब तक हम सत्ता में भागीदार नहीं होंगे हम आगे कैसे बढ़ेंगे? इसलिए हम अधिक से अधिक चुनकर इन संस्थाओं में पहुंचे।

जय कुमावत समाज।

**- रमेश कुमावत (गैदर)**

हमारी वेबसाइट www.kumawatindiapatrika.in पर आप 'कुमावत इंडिया' पत्रिका के पिछले अंक व अन्य विवरण देख सकते हैं।


| | |
|---|---|
| सम्पादकीय | 3 |
| विशिष्ट संरक्षक : श्री वीरेन्द्र सिंह तारकशी | 4 |
| 'मोहन बालोदिया के लाईव कार्यक्रम' में गूंजे 60 के दशक के सदाबहार गीत | 4 |
| तेजेश्वनी कुमावत ऑफिस सुपरिंटेंडेंट के पद पर चयनित | 5 |
| पवन कुमावत को केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने दी बधाई | 5 |
| खाटूश्यामजी के शंकर लाल कुमावत बने वित्त मंत्रालय में संयुक्त सचिव | 5 |
| किशन कुमावत सेक्शन ऑफिसर चयनित | 5 |
| रामपाल जूनवाल यूको बैंक पेंशनर्स फेडरेशन के तीसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष | 5 |
| राजस्थान प्रशासनिक द अधीनस्थ सेवा में सफल अभ्यार्थियों को बधाई | 6 |
| श्रीराम नवमी पर 500 महिलाओं ने निकाली कलशयात्रा | 6 |
| देव कुमावत को कैलाश विजयवर्गीय ने आशीर्वाद दिया | 7 |
| मनीषा को BAMS उपाधि | 7 |
| डूंगरराम गेदर ने ओलावृष्टि प्रभावित क्षेत्रों दौरा किया | 7 |
| दीक्षांत समारोह में महर्षि परशुराम कॉलेज के छात्र ने किया गोल्ड मेडल प्राप्त | 7 |
| शांति से साथ रहने का अंतर्राष्ट्रीय दिवस - 16 मई | 7 |
| कुमावत समाज रणछौर चौकी ने रामजन्मोत्सव मनाया | 8 |
| ओम पब्लिक स्कूल का शत-प्रतिशत परिणाम, विजय रैली से मनाई खुशी | 8 |
| भंदे बालाजी विवाह समिति के पन्नालाल सिरस्वा अध्यक्ष बने | 8 |
| डॉ. गरिमा कुमावत संयुक्त युद्ध अध्ययन केंद्र में वरिष्ठ फेलो पर नियुक्त | 8 |
| स्पेशल बादाम मिल्क शेक | 9 |
| जावा के प्रम्बनन से, काशी और रामेश्वरम तक : रुद्राक्ष की अद्भुत यात्रा | 9 |
| शादियों से दूरी बनाते युवा | 10 |
| भगवान 'विधि' के नहीं, बल्कि 'भाव' के भूखे हैं | 11 |
| बधाई संदेश | 12 |
| गंगा दशहरा: पावन अवतरण और श्रद्धा का महापर्व | 13 |
| ''माँ—वह कहानी, जो कभी पूरी नहीं होती'' | 14 |
| स्विट्जरलैंड के CERN में नटराज की मूर्ति : वैज्ञानिकों ने तांडव को परमाणु की उत्पत्ति से जोड़ा | 19 |
| बड़े-बुजुर्ग हमारे संरक्षक व मार्गदर्शक | 19 |
| अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस: संस्कृति, स्वाद और आजीविका का उत्सव | 20 |
| अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड हानिकारक, इससे बचना ही उपाय | 21 |
| लक्ष्य स्क्रक्ष हो सफलता निश्चित | 21 |
| श्रीमद्भागवत की प्राचीन भविष्यवाणियाँ हुई पूरी | 22 |
| वेदों में माता, पिता तथा गुरू ईश्वर तुल्य | 22 |
| विश्व साइकिल दिवस : स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए एक बेहतरीन पहल | 23 |
| सनातन को समझना और उसकी गहराई का अनुमान लगाना भी आसान नहीं | 23 |
| विशिष्ट संरक्षक सूची व श्रद्धांजलि | 24 |
| विवाह योग्य युवक-युवतियों की सूची | 25 |
| पत्रिका नहीं मिलने पर सम्पर्क करें | 26 |
| कक्षा 12 में उत्तीर्ण हुए समाज के विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई | 27 |
| कक्षा 10 में उत्तीर्ण हुए समाज के विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई | 28 |
| विज्ञापन | 15-18,29,30 |




**विशिष्ट संरक्षक**

## श्री वीरेन्द्र सिंह तारकशी, B.Sc.

पुत्र स्व. श्री राजाराम-श्रीमती माया देवी
निवासी सिवाड एरिया, बापूनगर, जयपुर

श्री वीरेन्द्र सिंह तारकशी का जन्म बीकानेर के प्रतिष्ठित तारकशी परिवार में हुआ था। इनके पिता नौकरी में रहे तथा इनकी शिक्षा झांसी में हुई। शिक्षा पूर्ण करने के बाद इन्होंने जयपुर में युनिवर्सिटी मार्ग, बापूनगर में लक्ष्मी आभूषण मंदिर के नाम से सोने-चांदी के आभूषण बनाने एवं विक्रय करने का वर्ष 1981 में व्यवसाय प्रारम्भ किया। इनके मधुर व्यवहार, मेहनत, व्यावसायिक ईमानदारी एवं समय पाबन्दी ने इस क्षेत्र में जल्द ही अपनी पहचान बना ली, जो आज तक कायम है।

इनका विवाह स्व. श्री पुरुषोत्तम किरोड़ीवाल (मुम्बई) की पुत्री ललिता से हुआ। इनके 2 पुत्रियां व 1 पुत्र है। बड़ी पुत्री प्रियंका (M.Sc.) का विवाह श्री रितेश देवतवाल M.Tech. से हुआ जो हैदराबाद में साफ्टवेयर कम्पनी में कार्यरत हैं। छोटी पुत्री भाविका (M.Sc.) का विवाह श्री दीपक मारवाल से हुआ जो MNC में मैनेजर हैं। पुत्र हर्ष MCA है तथा इनका विवाह ज्योति सुपुत्री श्री हेमचंद घोड़ेला के साथ हुआ है।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका परिवार **श्री वीरेन्द्र सिंह तारकशी** के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

## 'मोहन बालोदिया के लाईव कार्यक्रम' में गूंजे 60 के दशक के सदाबहार गीत



महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में 'ये चांद सा रोशन चेहरा' म्यूजिकल लाईव कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें 60 से 80 दशक के सदाबहार गीतों की प्रस्तुतियां दी गईं। इस कार्यक्रम में थीम 'चांद' और 'चेहरे की खूबसूरती' रही। निर्देशन गायक मोहन कुमार बालोदिया ने किया। इस दौरान रश्मि बालोदिया, विशाल शर्मा, निकिता कोका लालवानी, नागेश भटनागर, केके मीना, संजय भटनागर, देवेन सिन्हा, बीके मालपानी, विपिन जैन, मनीषा जैन, सोनिया शर्मा, पूनम चंद्रा और विनेहा पुरोहित ने प्रस्तुतियां दीं। संचालन अरुण किमतकर और विनेहा पुरोहित ने किया।

## तेजेश्वनी कुमावत ऑफिस सुपरिंटेंडेंट के पद पर चयनित



टोंक की तेजेश्वनी कुमावत पुत्री श्री राजेन्द्र कुमावत ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और लगन के बल पर ऑफिस सुपरिंटेंडेंट पद पर नियुक्त हुई है। तेजेश्वनी कुमावत ने 12वीं कक्षा तक की शिक्षा Emmanuel Mission School से पूरी की। इसके बाद उन्होंने Banasthali Vidyapith से बी.कॉम. में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ गोल्ड मेडल प्राप्त किया। शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ तेजेश्वनी ने Staff Selection Commission की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर ऑफिस सुपरिंटेंडेंट पद पर रक्षा मंत्रालय, दिल्ली में नियुक्त हुई हैं। तेजस्विनी की सफलता से कुमावत समाज गौरवान्वित हुआ है।

**'कुमावत इंडिया'** पत्रिका की ओर से समाज की होनहार बेटी **तेजेश्वनी कुमावत** को हार्दिक बधाई एवं उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाए।

## पवन कुमावत को केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने दी बधाई



जयपुर के पवन कुमावत ने हाल ही थाईलैंड में स्टैन्थ लिफ्टिग में ब्रोन्च मेडल जितने पर व संदीप कडवासरा को मास्टर्स वेटलिफ्टिंग जर्मनी में गोल्ड मेडल जितने पर भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण एवं उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने नई दिल्ली के पंचशील भवन में मेडल पहनाकर बधाई दी पवन कुमावत एवं संदीप कडवासरा ने अब तक अगल-अलग अन्तरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत के लिए अनेक पदक जीत चुके हैं जिसमें बहरीन, थाईलैंड, श्रीलंका, किर्गिस्तान, हैदराबाद कजाकिस्तान में पदक जीत कर देश का नाम रोशन कर चुके है।

## किशन कुमावत सेक्शन ऑफिसर चयनित



गांव एमड़ी राजसमंद के श्री किशनलाल जी कुमावत गौत्र रेनीवाल पुत्र श्री रंगलाल जी कुमावत का चयन भारत सरकार के केन्द्रीय सचिवालय में असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर के पद पर हुआ बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं।

## खाटूश्यामजी के शंकर लाल कुमावत बने वित्त मंत्रालय में संयुक्त सचिव




राजस्थान की धरती ने एक बार फिर प्रशासनिक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। सीकर जिले के खाटूश्यामजी निवासी वरिष्ठ आईएएस अधिकारी शंकर लाल कुमावत को केंद्र सरकार में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग में संयुक्त सचिव पद पर नियुक्त किया गया है। सोमवार को जारी आदेशों के अनुसार यह नियुक्ति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट की नियुक्ति समिति (ACC) की स्वीकृति से की गई है। सूची में देशभर के 48 वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले और नियुक्तियां शामिल हैं, जिनमें कुमावत का नाम प्रमुखता से शामिल है। उनका कार्यकाल मार्च 2030 तक निर्धारित किया गया है। वर्ष 2010 बैच के तमिलनाडु कैडर के आईएएस अधिकारी कुमावत ने अपने करियर में कई महत्वपूर्ण पदों पर उत्कृष्ट कार्य किया है। रामनाथपुरम जिले के कलेक्टर के रूप में उनकी कार्यशैली और जनहितकारी निर्णयों की व्यापक सराहना हुई। वर्तमान में वे राजस्व विभाग में निदेशक पद पर कार्यरत थे।

## रामपाल जूनवाल यूको बैंक पेंशनर्स फेडरेशन के तीसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष



अखिल भारतीय यूको बैंक पेंशनर्स फेडरेशन का बौद्ध गया में आयोजित 5वां त्रिवार्षिक सम्मेलन हुआ। जिसमें श्री रामपाल जूनवाल को लगातार तीसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है। यह अत्यंत गौरवशाली उपलब्धि है।

यह उपलब्धि उनकी निस्वार्थ सेवा व कुशल नेतृत्व की प्रतीक है। वर्ष 2018, 2023 के बाद 2026 में भी उनका निर्विरोध निर्वाचन, उनके समर्पण, संगठनात्मक शक्ति, दूरदर्शिता तथा सदस्यों के अटूट विश्वास को दर्शाता है।

**'कुमावत इंडिया'** पत्रिका की ओर से श्री रामपाल जूनवाल को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं!

## राजस्थान प्रशासनिक एवं अधीनस्थ सेवा में सफल अभ्यार्थियों को 'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से हार्दिक बधाई


ममता लिम्बा
27वीं रैंक


रक्षा पटेल
265वीं रैंक


मूलाराम गैदर
281वीं रैंक


नेहा कुमावत
काचरोदा


दिव्या सिंगाठिया


नेहा कुमावत
फुलेरा


लक्षिता कुमावत
377वीं रैंक


दीक्षिता कुमावत, जालौर
लेफ्टिनेंट कर्नल


गणेश कुमावत
असिस्टेंट प्रोफसर


सुनील कुमावत
फिजिक्स व्याख्याता


रामेश्वर लाल बीगोद
असिस्टेंट प्रोफेसर भूगोल

### सर्व कुमावत क्षत्रीय महासभा

## श्रीराम नवमी पर 500 महिलाओं ने निकाली कलशयात्रा



सर्व कुमावत क्षत्रीय महासभा विद्याधर नगर इकाई की ओर से रामनवमी पर विशाल कलशयात्रा निकाली गई। तेजाजी महाराज मंदिर से कलशयात्रा का शुभारंभ हुआ, जो खातीपुरा रोड, दादूद्वारा बगीची होते हुए कुमावत कॉलोनी पहुंची। कलशयात्रा में 500 महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर बंबोरिया, पूर्व उप महापौर विमल कुमावत और निवर्तमान पार्षद सुमेर सिंह जोधा सहित समाजबंधु मौजूद रहे। ऐसे आयोजनों से भारतीय संस्कृति की समृद्धि एवं हिन्दुधर्म की जागरूकता होती है जिसे सर्वकुमावत महासभा (रजि.) ने आगे बढ़ाया है।

# गारिन कुमावत (अजमेरा)

राजस्थान सेकेण्डरी परीक्षा-2026
दसवीं बोर्ड में 87 प्रतिशत अंक अर्जित करने पर

**हार्दिक बधाई**



**शुभेच्छु**

दादा-दादी : नानूराम-श्रीमती नारायणी देवी
बड़े पापा-बड़ी मम्मी : स्व. प्रभुलाल-श्रीमती ईश्वरी देवी
पिता-माता : बबलू-श्रीमती रेणू देवी
नाना-नानी : घासीराम-स्व. श्रीमती राजू देवी
मामा-मामी : विष्णु-श्रीमती तुलसी देवी
बहिन : डिम्पल

**सूर्योदय सेकेण्डरी स्कूल, जैन छात्रावास के पीछे, बाजनीतलाई के पीछे वार्ड 97, सांगानेर, जयपुर 9269252478**

# देव कुमावत अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी को कैलाश विजयवर्गीय ने आशीर्वाद दिया

**म. प्र.** केबिनेट मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने **देव कुमावत बैडमिंटन खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय गोल्ड मेडल विजेता** को अपना आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही इंदौर का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने पर शुभकामनाएं दीं।



कार्यक्रम में कुमावत समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे जिनमें कुमावत समाज अध्यक्ष गोपाल कुमावत भाजपा मंडल उपाध्यक्ष शक्ति जी चन्देरिया, नंदकिशोर डाबरिया, सोहन डीडवानिया, राजेश कुमावत सहित अन्य समाजजन शामिल रहे।



**डा. सुदीप कुमावत** को जनगणना 2026 का मास्टर ट्रेनर बनाया गया है। राजस्थान के जनगणना आयुक्त विष्णु चरण मलिक द्वारा उन्हे यह प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

राजेन्द्र नीमीवाल, रामसरा (हनुमानगढ) के राजस्थान पटवार संघ का प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बधाई।



## मनीषा को BAMS उपाधि



डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल द्वारा ऑल राजस्थान में प्रथम स्थान के साथ गोल्ड मेडलिस्ट बनी **डॉ. मनीषा कुमारी कुमावत** को BAMS मानद् उपाधि एवं गोल्ड मेडल देकर किया सम्मानित किया।

डॉ.मनीषा कुमारी कुमावत, लोसल को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

# डूंगरराम गेदर ने ओलावृष्टि प्रभावित क्षेत्रों दौरा किया

सूरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र में हाल ही में हुई भीषण ओलावृष्टि से किसानों की फसलें नष्ट होने पर क्षेत्र के किसान गहरे आर्थिक संकट में आ गए हैं। विधायक डूंगरराम गेदर ने प्रभावित गांवों का दौरा कर अधिकारियों एवं ग्रामीणों के साथ मौके पर स्थिति का जायजा लिया, किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल सर्वे कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजे। उन्होने राज्य सरकार से मांग की कि प्रभावित किसानों को शीघ्र उचित मुआवजा एवं आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।



## दीक्षांत समारोह में महर्षि परशुराम कॉलेज के छात्र ने किया गोल्ड मेडल प्राप्त



महर्षि परशुराम पीजी कॉलेज, दांता के एमए हिन्दी के छात्र **हीरालाल कुमावत** को पण्डित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर में छठवें दीक्षांत समारोह में राजस्थान के राज्यपाल महामहिम हरि भाऊ बागडे विश्वविद्यालय के कुलगुरु व प्रो. अनिल रॉय ने गोल्ड मेडल एवं डिग्री देकर सम्मानित किया । इस अवसर पर महाविद्यालय निदेशक सुरेश शर्मा एवं महाविद्यालय स्टॉफ उपस्थित रहा। छात्र हीरालाल कुमावत की इस उपलब्धि पर 'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं।

## शांति से साथ रहने का अंतर्राष्ट्रीय दिवस - 16 मई

हर साल 16 मई को, शांति से साथ रहने का अंतर्राष्ट्रीय दिवस लोगों से दूसरों की बात सुनकर, उनका सम्मान करके और उनकी सराहना करके एकजुट और शांतिपूर्ण तरीके से जीने का आग्रह करता है। कहते हैं कि विविधता ही जीवन का स्वाद है। दुर्भाग्य से, बहुत से लोग उन लोगों से खतरा महसूस करते हैं जो उनसे अलग हैं। जबकि ऐसा लगता है कि हमारा देश और हमारी दुनिया पहले से कहीं अधिक ध्रुवीकृत हो गई है, ब्रह्मांड में नस्लवाद, पूर्वाग्रह और युद्ध का एक लंबा इतिहास है। आजकल मध्य एशिया के देश अमेरिका एवं इजरायल तथा ईरान युद्ध से तनावग्रस्त है। हजारों लोग मारे गये एवं घायल हैं तथा सम्पत्ति की हानि हुई है। ईरान के प्रमुख नेताओं को युद्ध के प्रारम्भ में ही मार दिया गया। ईरान ने अपने पड़ौसी देशों पर मिसाइलों से आक्रमण किया है। इस समय अन्तर्राष्ट्रीय शांति दिवस की महता का महत्व और बढ़ जाता है।

# कुमावत समाज रणछौरचौकी ने रामजन्मोत्सव मनाया



कुमावत समाज ने कुमावत सभा भवन पर भगवा पताका फहराकर प्रभु श्री राम जी का जन्मोत्सव मनाया। मीडिया प्रभारी अशोक कुमावत ने बताया कि रामनवमी के महापर्व पर कुमावत समाज रणछौरचौकी संस्थान रावली पाटिया, कांकरोली के कुमावत सभा भवन में कुमावत समाज अध्यक्ष सुंदरलाल दौराया ने प्रभु श्रीराम के चित्र पर माला, इकलाई, पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर, महाप्रसाद के भोग के साथ प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया।

इस दौरान समाज अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रभु श्रीराम जी ने अपने जीवन में सत्य के मार्ग पर चले। इस दौरान प्रभु श्रीराम भगवान की झांकी सजाई एवं दीप प्रज्वलित किया। इसके बाद सामुहिक रुप से श्री हनुमान चालीसा एवं श्री राम स्तुति की गई। तत्पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया गया।

इस दौरान उपस्थित मंत्री सुंदरलाल दौराया, कोषाध्यक्ष मोहनलाल मानणिया, पूर्व अध्यक्ष नानालाल साडिवाल, खेलमंत्री चंद्रेश साडिवाल सहित समस्त 32 गांवों के समाजबंधु उपस्थित थे। मंच संचालन तेजराम रेवाडिया ने किया।

# ओम पब्लिक स्कूल का शत-प्रतिशत परिणाम, विजय रैली से मनाई खुशी



धावास स्थित ओम पब्लिक स्कूल ने बोर्ड परीक्षा 2026 में कक्षा 12वीं (विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय) तथा कक्षा 10वीं में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल कर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल रहा और विजय रैली निकालकर खुशी का इजहार किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चेतन धुंधारिया (जिला अध्यक्ष, ओबीसी मोर्चा, भाजपा), गणेश बासनीवाल (अध्यक्ष, देवी नगर मंडल), कालूराम शर्मा (अध्यक्ष, करणी विहार मंडल) एवं भगवान सहाय कुमावत (उपाध्यक्ष, करणी विहार मंडल) उपस्थित रहे। विद्यालय निदेशक कैलाश चंद कुमावत एवं प्रधानाध्यापिका रोहिणी कुमावत ने अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों ने मेधावी विद्यार्थियों को माला एवं साफा पहनाकर सम्मानित किया तथा हरी झंडी दिखाकर विजय रैली को रवाना किया।



# भंदे बालाजी विवाह समिति के पन्नालाल सिरस्वा अध्यक्ष बने

कुमावत समाज सामूहिक विवाह एवं विकास समिति भंदे बालाजी, उगरियावास जयपुर, राजस्थान के चुनाव में सर्व सम्मति से अध्यक्ष पद पर श्री पन्नालाल सिरसवा अध्यक्ष, भँवर लाल मामोडिया महामंत्री तथा भीवाराम दम्बीवाल कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। नवीन कार्यकारिणी को 'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं।

# डॉ. गरिमा कुमावत संयुक्त युद्ध अध्ययन केंद्र में वरिष्ठ फेलो पर नियुक्त



वरिष्ठ शिक्षाविद एवं भामाशाह श्री एस.एन. खोवाल की सुपुत्री एवं श्री अनिल जी भाटीवाल (ICAS वित्त मंत्रालय भारत सरकार) की पत्नी डॉ. गरिमा कुमावत, निवासी सवाई माधोपुर का चयन प्रतिष्ठित संयुक्त युद्ध अध्ययन केंद्र (CENJOWS, नई दिल्ली) में वरिष्ठ फेलो के रूप में हुआ है।

यह उपलब्धि पूरे समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। डॉ. गरिमा की यह सफलता उनके अथक परिश्रम, समर्पण, विद्वता और उच्च सोच का परिणाम है। आपने अपने ज्ञान और कर्म से यह सिद्ध कर दिया है कि दृढ़ संकल्प और लगन से हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इनकी यह उपलब्धि विशेष रूप से बेटियों को आगे बढ़ने का साहस और प्रेरणा देगी। हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं!

# स्पेशल बादाम मिल्क शेक



गर्मियों का मौसम आते ही शरीर को ठंडक, उर्जा और पोषण की जरूरत होती है। ऐसे में बादाम शेक एक बेहतरीन पेय है। जो स्वाद के साथ-साथ ताकत भी देता है। इसे बनाना भी आसान है। और ये बच्चों से लेकर बडों तक सभी को पसन्द भी आता है।



**बनाने की सामग्री :** एक लीटर दूध (फुल फेट), आधा कप चीनी, भिगी हुई बादाम, एक बडा चम्मच कर्स्टड पाउडर वनिला, केसर 6-8 धागे, आधा कप कच्चा दूध, इलायची पाउडर 2 चुटकी, पिस्ता कतरन एक चम्मच, बादाम कतरन एक चम्मच, सजावट के लिए। ये मिल्क शेक सामग्री चार व्यक्तियों के लिए चार गिलास बन जायेगी।

**बनाने की विधि:** सबसे पहले गैस पर कढाई रखें उसमें थोडा सा पानी डालकर दूध को चमचे से हिलाते हुए उबालिये। दूध में उबाल आने पर गैस बन्द कर दीजिये। बादाम छिलकर मिक्सी में गाढा सा पेस्ट बनाईयें। बादाम के पेस्ट को दूध में डालिये। गैस को चालू कर 5-10 मिनट तक फिर से उबालिए।

कच्चे दूध में कर्स्टड पाउडर चम्मच से मिलाएं। अब इस मिश्रण को कढाई में डालें। कढाई में चीनी व इलायची डाले, केसर डालकर हिलाते हुए 5-7 मिनट तक दूध को उबालते रहें। दूध थोडा सा गाढ़ा हो जाये तो गैस बन्द कर दीजिए। अब ठण्डा होने पर उसे 3-4 घण्टे तक फिज में रख दीजिए।

अब मिल्क शेक को फिज से निकालकर, इसको गिलास में डालियें। बादाम व पिस्ता करतन डालकर ठण्डा ठण्डा सर्व करे।

**- राजबाला कुमावत**
48, रामद्वारा कॉलोनी, सांगानेर, जयपुर।

# जावा के प्रम्बनन से, काशी और रामेश्वरम तक : रुद्राक्ष की अद्भुत यात्रा

जब हम अपनी आँखें बंद करके '**ॐ नमः शिवाय**' का जाप करते हैं, तो हमें लगता है कि हमारे हाथ में मौजूद माला हिमालय से आई है। लेकिन सच थोड़ा अलग और बेहद रोचक है।

दुनिया भर में रुद्राक्ष का 70% से 75% उत्पादन अकेले इंडोनेशिया में होता है। वहां इसे 'जेनित्री' (Jenitri) कहा जाता है। हमारी 108 दानों वाली हल्की और सुडौल माला का सफर सात समंदर पार से शुरू होता है।



इंडोनेशिया के 'केबुमेन' (Kebumen) जिले की ज्वालामुखी वाली मिट्टी में उगने के बाद, टनों के हिसाब से ये रुद्राक्ष समुद्र के रास्ते कोलकाता और चेन्नई के बंदरगाहों (Ports) पर उतरते हैं।

**सिर्फ काशी ही नहीं, तीनों दिशाओं में शिव का वास:**

कोलकाता से निकलकर ये मनके भारत के तीन प्रमुख 'आध्यात्मिक केंद्रों' में बंट जाते हैं:

**1. काशी ( वाराणसी ):** यह उत्तर भारत का सबसे बड़ा 'संस्कार केंद्र' है। कच्चे मनके यहाँ आते हैं, साफ किए जाते हैं, तेल में डुबोए जाते हैं और फिर धागे में पिरोकर 'माला' का रूप लेते हैं। जो माला आप अयोध्या या मथुरा में खरीदते हैं, उसका निर्माण अक्सर काशी की गलियों में ही हुआ होता है।

**2. हरिद्वार और ऋषिकेश:** यहाँ से ये हिमालय की ओर जाने वाले यात्रियों और कांवड़ियों तक पहुँचते हैं।

**3. रामेश्वरम और मदुरै:** चेन्नई के रास्ते ये दक्षिण भारत के मंदिरों में पहुँचते हैं।

**एक धागा जो दो प्राचीन सभ्यताओं को जोड़ता है**

यह व्यापार से बढ़कर एक 'दैवीय संयोग' है। जिस जावा द्वीप से ये आते हैं, वहां 9वीं सदी का विशाल 'प्रम्बनन मंदिर' (Prambanan Temple) खड़ा है। वहां की हवाओं में आज भी शिव का वास है। प्रकृति का नियम देखिये, रुद्राक्ष का जन्म शिव के प्राचीन घर (प्रम्बनन, इंडोनेशिया) में होता है, लेकिन उसे 'प्राण' और 'पहचान' भारत के ज्योतिर्लिंगों (काशी विश्वनाथ और रामेश्वरम) की छाया में मिलती है।

**नेपाली बनाम इंडोनेशियन रूद्राक्ष :** नेपाल में भी रूद्राक्ष होते हैं पर नेपाली मनके भारी और महंगे होते हैं (यदि एक दाना पहनना हो तो उपयोग होता है), जबकि इंडोनेशियन मनके हल्के और छोटे होते हैं, इसीलिए 90% जप की मालाएं इंडोनेशियन होती हैं।

जब माला फेरें, याद रखिएगा, यह माला एशिया के महान शिव-धामों को जोड़ने वाला एक पवित्र सेतु (Bridge) है।

हर हर महादेव!

**संकलन : कुमावत इंडिया पत्रिका टीम**

# शादियों से दूरी बनाते युवा

एक अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षण के अनुसार अगले छः वर्षो में विश्व की लगभग 45% लड़कियां अविवाहित रह जाएंगी। यह रिपोर्ट 1 फरवरी 2025 को प्रकाशित लोकमत अखबार में छपी थी, जो मार्गन स्टेनली संस्था द्वारा किए गए एक विस्तृत अध्ययन पर आधारित हैं।

**सर्वेक्षण में पाये गए प्रमुख कारण निम्न प्रकार है:**

1. आज लड़कियां उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही है और करियर को प्राथमिकता दे रही हैं।
2. वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर है और किसी पर निर्भर रहना नहीं चाहती।
3. उन्हें स्वतंत्रता प्रिय है और वे अपने जीवन के निर्णय स्वयं लेना चाहती हैं।
4. विवाह, मातृत्व और पारिवारिक बंधनों को वे अक्सर अपनी प्रगति में बाधा मानने लगी हैं।
5. यदि यह प्रवृति बनी रही तो पारंपरिक परिवार प्रणाली और सामाजिक संरचना बिखर सकती हैं।
6. जनसंख्या में गिरावट, कुंवारे लड़कों की संख्या में वृद्धि और वृद्धावस्था में अकेलेपन की समस्याएँ सामने आ सकती हैं।
7. प्रश्न यह भी उठता है प्रगति, पद और पैसा किस काम आएंगे, जब जीवन के अंत में साथ देने वाला कोई न होगा?

अनेक माता-पिता अपनी लड़कियों के रिश्ते ढूंढ रहे हैं, पर लड़की को विवाह में रूचि नहीं होती। जिसके कारण हर रिश्ता नकारा जा रहा है। समाज के एक बड़े वर्ग को इस बदलाव की गंभीरता अभी मालूम नहीं है, इसलिए यह आवश्यक है कि हम समय रहते चेत जाये।

लड़कियों का विवाह 23 से 26 आयु के बीच हो। इसके लिए सामूहिक स्तर पर जागरूकता ओर पहल जरूरी है। यह विषय किसी के विरोध में नहीं, बल्कि भविष्य की चिंता के तहत उठाया गया है। समाज, परिवार और व्यक्तिगत जीवन तीनों को संतुलित रखना ही सच्ची प्रगति हैं। सभी को इस पर विचार करना चाहिए।

**इसे भी जानिये-**

- जब बच्चों का विवाह 20 साल में होता था, तो एक सदी में 5 पीढ़ियाँ होती थीं।
- जब बच्चों का विवाह 25 साल में होता था, तो एक सदी में 4 पीढ़ियाँ होती थी।
- अब बच्चों का विवाह 30 साल में होता है, तो एक सदी में 3 पीढ़ियाँ होती हैं।
- सोचने वाली बात है क्या हमारा समाज अगली सदी तक जीवित रहेगा?

आज एक अजीब सा अंधेरा फैल रहा है गली-मोहल्ले वीरान हैं, आस-पास के घर खाली हैं। आज घरों में बच्चों की आवाज कम पति-पत्नी की आवाज ज्यादा सुनाई देती है।

लड़कियाँ 30-35 साल तक कुंवारी हैं। लड़कों की शादी 35 साल के बाद भी नही हो रही हैं। देर से शादी फिर सम्बंध विच्छेद (तलाक) टूटते परिवार दुखी माँ-बाप।

माता-पिता अकेले व पूरी पीढ़ी खालीपन अनुभव करती है। क्या हम इसे 'पढ़ा-लिखा समाज' कहें या 'स्वयं को नुकसान पहुँचाने वाला समाज'।

यह तो जनसंख्या कम करने की एक खामोश साजिश है।इसकी शुरुआत हम दो हमारे दो से हुई है। और अब एक बच्चा ही अच्छा।

अगर 50 जोड़ों में सिर्फ़ एक बच्चा हो तो अगली पीढ़ी में सिर्फ़ नाममात्र के बच्चे होंगे।

अगर ऐसा ही चलता रहा, तो तीसरी पीढ़ी लगभग गायब हो जाएगी।

मोहल्ले/गलियाँ खाली पड़ी है। सब लोग रोड़ पर हैं। जीवन का आधा समय तो रोड़ पर ही बीत जाता है। गाँव के गाँव खत्म हो रहे हैं। शहरों में ऊँची इमारतें हैं, लेकिन संयुक्त परिवार प्रथा समाप्त हो गयी है।

नई बहुएं 'सिर्फ़ एक ही बच्चा' चाहती हैं। क्या यही हमारे पुरखों की विरासत है? सच तो यह है, कि बच्चे अब प्यार की निशानी नहीं रहे। बल्कि बच्चे एक मजबूरी है। सबसे बड़ी गलती तो लड़की के पिता की है।

जिस पिता ने 20-22 साल की उम्र में विवाह करके परिवार बसाया था अब वही पिता 30 साल की उम्र तक अपनी बेटी का विवाह न करके बहादुरी दिखा रहे हैं।

**परिणाम :** लड़के लड़कियाँ डिप्रेशन में जा रहे हैं। आज बच्चों का सही समय पर विवाह नहीं हो रहा है, और न सही समय पर कोई नौकरी मिल रही है। समाज धीरे-धीरे समाप्त होता जा रहा है। इस कारण बच्चे समाज के साथ नहीं अकेले रहना पसंद करते हैं। यानी एकल परिवार। यहाँ तक कि बच्चे भी नहीं चाहिए।

देर से शादी करना, देर से बच्चा करना, फिर एक बच्चे के बाद मेडिकल और लालन-पालन का बहाना करना। यह आम बात हो गई है. विवाह, परिवार, बच्चे इन सभी को बोझ समझा जा रहा है।

विवाह कोई दुनियावी बंधन नहीं यह घर परिवार और समाज स्तम्भ है। प्रजाति, सभ्यता और संस्कार को आगे बढ़ाने का एक तरीका है।

अब हम सब को समझने का समय आ गया है। बच्चों को 'हद से ज्यादा' आजादी दे कर हमने उनकी समझ छीन ली। विवाह

टलता रहा, और जब हुआ, तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

फिर वही अकेलापन लड़के लड़कियों के लिए विवाह की सही उम्र लड़कों के लिए 25 साल से पहले लड़कियों की 20 साल से पहले।

**वर्ना इतिहास लिखेगा 'वह हिंदू समाज, जिसने चुपचाप स्वयं को खत्म कर लिया.'** सोचो और समझदारी दिखाओ। अपने बच्चों का विवाह समय पर कीजिये। क्योंकि परिवार नहीं बचा, तो समाज को भी देर सवेर ध्वस्त होते देर नहीं लगनी है।

यही कारण है ...डेविड सेलबॉर्न और बिल वार्नर जैसे लेखक यह कहने पर मजबूर हो जाते हैं , कि इस्लाम के मजबूत फैमिली सिस्टम की वजह से देर सवेर अधिकांश देशों व भारत में भी हिन्दू परिवार परम्परा का पतन होगा।

रक्त के 4 रिश्ते समाप्त होने की कगार पर हैं। ताऊ, चाचा, बुआ, मामा मौसी जैसे रिश्ते आने वाले समय में देखने-सुनने को नहीं मिलने वाले हैं।

सिंगल चाइल्ड फैमिली को उनका निर्णय तीसरी पीढ़ी याने जिनके आप दादा-दादी होंगे बुरी तरह प्रभावित करेगा। जिस दादा को मूल से अधिक ब्याज प्यारा होता है, उसका तो मूलधन भी समाप्त हो जाएगा। इसके लिए वह स्वयं उत्तरदायी है।

इसलिए दम्पत्ति को सिंगल चाइल्ड के निर्णय पर गंभीरता से विचार करना होगा। यह घटती आबादी के आँकड़े बोल रहे हैं।

यह विश्लेषण सरकारी आँकड़ों के अध्ययन से आ रहा है।

आपका पौत्र या प्रपौत्र इस संसार में अकेला खड़ा होगा। उसे अपने रक्त के रिश्ते की आवश्यकता होगी तो उसका कोई नहीं होगा। यह अत्यंत सोचनीय विषय है।

ये न केवल हमारे बच्चों को एकाकी जीवन जीने को मजबूर करेगा बल्कि हमारी हिंदू परिवार सभ्यता को ही नष्ट कर देगा।

हम जो हिन्दू एकता की बात करते हैं ये तो सभ्यता ही समाप्त हो जाएगी। और इन सबके लिए हमारी वर्तमान पीढ़ी उत्तरदायी होगी।

अगर आप इस विषय को गंभीर समझते हैं तो इस समस्या पर विचार करें, घर परिवार में, पति पत्नी के बीच, रिश्तेदारों में, दोस्तों में एवं विभिन्न बैठकों एवं आयोजनों में इस विषय पर मंत्रणा करें। अपनी सभ्यता, संस्कार और पीढ़ियों को बचाये।

**साभार प्रतिलिपि**

**आध्यात्मिक**

# भगवान 'विधि' के नहीं, बल्कि 'भाव' के भूखे हैं

गोबर थापे जना जब, गाते विठ्ठल गीत।
छोडिए वैकुण्ठ के सुखों, जीते प्रेम की प्रीत।।




यह दोहा महाराष्ट्र की महान संत जनाबाई और उनके आराध्य भगवान विठ्ठल के अनन्य प्रेम का प्रतीक है। वे बचपन में ही अपने माता पिता से जानबुझ कर बिछड़ गयीं और पूर्णत: विठ्ठल के भरोसे हो गयीं , श्री विठ्ठल ने उनको साक्षात् दर्शन दिए और उनके साथ ही रहे हमेशा , एक बार जब जनाबाई के कंडे चोरी हो गए, तो उनकी पहचान इसी आधार पर हुई थी कि जिन कंडों को कान के पास ले जाने पर 'विठ्ठल-विठ्ठल' की ध्वनि आ रही थी, वे जनाबाई के थे। यह प्रसंग हमें सिखाता है कि कार्य चाहे कितना भी छोटा (गोबर थापना) क्यों न हो, यदि उसे प्रभु के नाम के साथ जोड़ दिया जाए, तो वह 'परम सेवा' बन जाता है।

संत जनाबाई का जीवन 'विठ्ठल-नाम' में ऐसा रच-बस गया था कि वे जो भी कार्य करती थीं, उसमें पांडुरंग ही समाए होते थे। जब वे गोबर से कंडे (उपले) थापती थीं, तो उनके मुख से निरंतर विठ्ठल नाम का कीर्तन निकलता था। उनके इस नाम-जाप का प्रभाव इतना प्रचंड था कि उनके द्वारा थापे गए सूखे कंडों में से भी 'विठ्ठल-विठ्ठल' की गूँज सुनाई देती थी। यह सिद्ध करता है कि जब भक्ति गहरी होती है, तो जड़ वस्तुएँ भी चैतन्य हो उठती हैं।

भगवान विठ्ठल अपने भक्त की इस निश्छल सेवा और पुकार के ऐसे वश में थे कि वे वैकुंठ के समस्त सुखों, ऐश्वर्य और राजसी भोगों को छोड़कर जनाबाई के आँगन में आ जाते थे। वे जनाबाई के साथ बैठकर भजन गाते और कंडे थापने में उनकी मदद करते थे। यहाँ भगवान ने यह प्रमाणित किया कि वे 'विधि' के नहीं, बल्कि 'भाव' के भूखे हैं।

**भूल सुधार**

मार्च 2026 के अंक में पेज नं. 15 पर कुमावत समाज मालवीय नगर... न्यूज में लिपिकीय भूल से उपाध्यक्ष (महिला) श्रीमती माया घोड़ीवाल का नाम प्रकाशित होने से छूट गया था। इसे जोड़कर न्यूज पढ़ी जावे।

**- सम्पादक**

# बधाई संदेश

इस माह 4 अप्रेल को कुमावत क्षत्रीय समाज विकास समिति, मालवीय नगर, जयपुर में नवनिर्वाचित समिति के सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस बार के निर्वाचन की खास बात यह रही कि यह निर्विरोध था। मुझे भी समारोह में शामिल होने का सुअवसर मिला। यह मेरे अत्यन्त हर्ष व सौभाग्य की बात है। समिति द्वारा दिए गए आमंत्रण व सम्मान का मैं धन्यवाद करती हूँ तथा आशा करती हूँ कि जिस प्रकार यह समिति आज तक विकास के मार्ग पर आगे बढ़ती रही है, भविष्य में भी इसी प्रकार समाज का नाम रोशन करती रहेगी। कार्यक्रम में शिरकत के दौरान मुझे कई कड़वे मीठे अनुभव हुए। कुछ मेरे मन के भावों को छू गये तथा कुछ मन को आहत कर गये। सर्वप्रथम तो कार्यक्रम की व्यवस्था ने आनन्दित कर दिया। कार्यक्रम बहुत ही शान्तिपूर्वक व्यवस्थित रूप से सम्पादित किया गया। मैंने वहां मौजूद कार्यकारिणी सदस्यों, महिला शक्ति तथा छोटे-छोटे बच्चों को बड़े ही समर्पित भाव से शालीनता, सभ्यता व बड़ी खूबसूरती से सेवाभाव के साथ कार्यक्रम में सहयोग करते देखा। इतनी छोटी उम्र में बालकों में समाज के प्रति प्रेम निश्चित रूप से भावी पीढ़ी के आदर्श भाव को दर्शाता है। मैंने जितनी व्यवस्थित तैयारी मालवीय नगर समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रमों में देखी है, वह कहीं नहीं देखी। दूसरा दिल छू लेने वाला दृश्य वह भावभीना पल था जब दो भिन्न राजनैतिक दलों में कार्यशील व्यक्ति समाज के एक मंच पर एक साथ आसीन होकर समाज को एकता का संदेश देते हुए परस्पर एक-दूसरे का प्रोत्साहन बढ़ा रहे थे। वास्तव में जब हम समाज के सदस्य होने के नाते आपस में किसी मंच पर जुड़ते हैं तो हमारा समाज ही सर्वोपरी होता है। श्री चेतन कुमावत व श्रीमती भारती कुमावत का ह्रदय से धन्यवाद। जिन्होंने समाज को एक खूबसूरत संदेश दिया है कि जब प्राथमिकता की बात आती है तो समाज शिखर पर होता है। आप लोग समाज के साथ, इसीलिए समाज आपके साथ सदैव रहेगा। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य व प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित थे। सभी का स्वागत व सम्मान आदर पूर्ण भाव से किया गया। तत्पश्चात सभी ने दो शब्द कहकर अपने विचारों से अवगत कराया। श्री सी.एम. कुमावत ने समिति के गठन से अब तक के संघर्ष के बारे में बताया कि किस प्रकार समिति ने अपने अथक परिश्रम से आज यह प्रतिष्ठा प्राप्त की है। इसी क्रम में श्री नानू रामजी कुमावत ने समाज की बहुत जटिल व महत्वपूर्ण समस्याओं पर अपने विचार रखे। मैं पूर्णतया इनसे सहमत हूँ तथा समर्थन करते हुए समाज की शीर्ष संस्थाओं से पुन: निवेदन करती हूँ कि हमारे समाज के असंख्य युवा आज तलाक के कोर्ट केसों में उलझ कर अपना कीमती जीवन बर्बाद कर रहे हैं। आज के वातावरण में अनेक परिवार असफल विवाह संबंधों की समस्या से पीड़ित है। श्रीमान ने सभी कहा है कि समय में ऐसी संस्थाओं का निर्माण किया जाए तो स्वयं ही अपने स्तर पर इन मामलों का समाधान करें। संबंध विच्छेद के मामले समाज के स्तर पर ही सुलझाएं जाएं जिससे की पीड़ित परिवार सालों तक कोर्ट कचहरी के चक्करों में जन-धन की हानि व जीवन पर्यन्त मिलने वाली तकलीफों से निजात पा सकें। इन्होंने जिन मुद्दों पर बात की वे निश्चित रूप से विचारणीय विषय है।



हमारा समाज एक मेहनती समाज है फिर भी आज तक पिछड़े वर्ग में शामिल है। इसके दो कारण है पहला ये कि आज भी हमारे कई समाज बंधु पारम्परिक जुड़े हुए हैं। इनके जीवन यापन का साधन कारीगरी का कार्य है मगर अब कई जातियों व राज्यों से आकर लोगों ने यह कार्य प्रारम्भ कर दिया है। इससे हमारे समाज के लोगों के इस पारम्परिक रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। नतीजन उन्हें आर्थिक समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। हमारा यह दायित्व है कि हम गृहनिर्माण कार्यो के लिए अपने समाज के दक्ष कारीगरों को ही अवसर दें तथा उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बनने का मौका दें। दूसरा सबसे महत्वपूर्ण व शोचनीय कारण है समाज का समाज के अहित में सोचना। जहां हमारे समाज में एक ओर आज भी इतने महान सेवक मौजूद हैं जो कि बिना किसी पद की लालसा के निस्वार्थ भाव से समाज की येन-केन प्रकारेण सेवा करने को सदैव तत्पर है। जिनका समर्पण भाव समाज से इतना गहरा हुआ है कि उनके सहयोग के बिना हम सफल क्रियान्वयन की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। समाज उनका सदैव ऋणी रहेगा एवं उनकी छवि हमारे ह्रदय में अमिट रहेगी। इनमें रमेश जी गैदर जो मेरे पिता तुल्य व सदैव प्रेरणीय रहे हैं, इसका समाज व समिति के विकास में सराहनीय योगदान रहा है। इनका समाज के प्रति समर्पित भाव की जितनी प्रशंसा की जाए, कम है। लक्ष्मी नारायण जी घोड़ीवाल एक ऐसी शक्सियत है जिनका हाथ समिति के सिर पर पिता के आशीर्वाद की तरह सदैव रहा है। मेरा आप लोगों से अनुरोध है कि इसी प्रकार समिति व समाज के उत्थान और उत्तरोत्तर विकास में अपना आशीर्वाद प्रदान करते रहें।

दूसरी ओर समाज का एक तबका ऐसा भी है जो सदैव समाज के ऐसे लोग कर्मठ व्यक्तियों के कार्यो में बाधा बनते हैं। इससे समाज का अहित होता है। उनका उद्देश्य समाज के कार्यक्रमों को बिगड़ाना, माहौल खराब करना, समाज के विकास में रोडा अटकाना, अपने ओछे कृत्यों से समाज की छवि खराब करना व मन में अच्छे समाज सेवकों के प्रति ईर्ष्या व द्वेष का भाव रखना ही होता है। वे स्वयं ना कुछ कर पाते हैं ना ही दूसरों को करने देते हैं।

इनसे मेरा कहना है कि समाज की युवा पीढ़ी की प्रेरणा बने। अपने अनुभव व आशीर्वाद से उनका मार्गदर्शन करें ना कि उन्हें हतोत्साहित करें। समाज भी एक परिवार है। आपके बच्चे यदि आपकी जिम्मेदारियों को अपने कंधों पर लेकर आगे बढ़ाना चाहते हैं तो कृपया सकारात्मक सोच के साथ उनका हौंसला बढ़ाए। सलाह देने में व छींटाकशी करने में बहुत अंतर होता है। आप **सामाजिक समारोहों को राजनीति का अखाड़ा मत बनाइये।** सामाजिक व्यवस्था का राजनीतिकण मत कीजिए वरना समाज द्वारा आपको बक्शा नहीं जाएगा। विचार विमर्श के और भी अवसर होते हैं। विकसित समाज की कल्पना तभी की जा सकती है जब हमारी सोच व संस्कार विकसित होंगे। यदि आप समाज के लिए कुछ कर नहीं सकते तो स्वयं को असामाजिक तत्वों की सूची में तो शामिल मत करिए। राजधानी की स्थिति इस संदर्भ में बहुत खराब है। छोटे-छोटे कस्बों में व गांवों में बहुत सादगी व आपसी सहयोग से कार्यक्रमों का आयोजन होता है। हालांकि वहां भी तर्क-वितर्क होते हैं, मतभेद होते हैं मगर मनभेद नहीं होते एवं राजनीति नहीं होती। एक बात और कहना चाहूंगी कि सदैव याद रखिए समाज के भवन व सम्पत्तियां समाज की धरोहर हैं किसी व्यक्ति या समूह विशेष निजी सम्पत्ति नहीं, इसलिए इन पर राजनीति की चालें ना चलें।

अंत में समिति को पुनः शुभकामनाएं देते हुए यही कहना चाहूंगी कि निडर होकर अपने दायित्वों को पूरा करें। हमारे समाज के लोग भोले मगर दूरदर्शी हैं अच्छाई व बुराई में अंतर को भली भांति जानते हैं। हम सभी की शुभकामनाएं सदैव आपके साथ है।

**- उर्वशी बालोदिया**

**25 मई पर विशेष**

# गंगा दशहरा: पावन अवतरण और श्रद्धा का महापर्व

गंगा दशहरा हिंदू संस्कृति में एक अत्यंत पावन और आध्यात्मिक महत्व वाला उत्सव है। यह पर्व प्रतिवर्ष ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। धार्मिक ग्रंथों और पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इसी शुभ दिन पतित-पावनी मां गंगा का स्वर्ग लोक से पृथ्वी पर आगमन हुआ था। यह केवल एक धार्मिक तिथि नहीं है, बल्कि यह उत्सव मनुष्य के पापों के प्रक्षालन और प्रकृति के प्रति हमारी अटूट श्रद्धा का प्रतीक है।

**ऐतिहासिक और पौराणिक पृष्ठभूमि :** गंगा के पृथ्वी पर आने की कथा महाराजा भगीरथ के अटूट संकल्प और तपस्या से जुड़ी है। कहा जाता है कि राजा सगर के साठ हजार पुत्रों को कपिल मुनि के श्राप से मुक्ति दिलाने के लिए उनके वंशज भगीरथ ने कठोर तप किया। उनकी प्रार्थना पर ब्रह्मा जी गंगा को पृथ्वी पर भेजने के लिए तैयार हुए, लेकिन गंगा का वेग इतना प्रचंड था कि पृथ्वी उसे सहन नहीं कर सकती थी। तब भगीरथ ने भगवान शिव की आराधना की। महादेव ने गंगा की उच्छृंखल लहरों को अपनी जटाओं में बांध लिया और फिर अत्यंत संयमित रूप से उन्हें पृथ्वी पर प्रवाहित किया। जिस दिन यह दिव्य घटना घटी, वह **ज्येष्ठ शुक्ल दशमी** का दिन था, जिसे आज हम गंगा दशहरा के रूप में मनाते हैं।

**दस पापों का नाश (दशहरा) :** 'दशहरा' शब्द का शाब्दिक अर्थ है 'दस दोषों या पापों को हरने वाला'। ऐसी मान्यता है कि इस विशेष दिन गंगा नदी में स्नान करने से व्यक्ति के तीन प्रकार के कायिक (शारीरिक), चार प्रकार के वाचिक (वाणी द्वारा किए गए) और तीन प्रकार के मानसिक पाप नष्ट हो जाते हैं:

**1. कायिक पाप:** चोरी, हिंसा और पर-स्त्री गमन।

**2. वाचिक पाप:** कठोर वाणी, असत्य भाषण, चुगली और निरर्थक प्रलाप।

**3. मानसिक पाप:** दूसरों की संपत्ति की इच्छा, दूसरों का अहित सोचना और नास्तिकता या गलत हठ।

**उत्सव की परंपरा और विधि :** गंगा दशहरा के दिन श्रद्धालु सूर्योदय से पूर्व गंगा तट पर एकत्रित होते हैं। हरिद्वार, ऋषिकेश, काशी (वाराणसी) और प्रयागराज में इस दिन का दृश्य विहंगम होता है। भक्त गंगा स्नान के पश्चात अर्घ्य देते हैं और मां गंगा की आरती करते हैं।

**दान का महत्व:** इस दिन दान का विशेष फल मिलता है। श्रद्धालु अपनी क्षमतानुसार अन्न, वस्त्र, स्वर्ण, फल या छाता दान करते हैं। विशेष रूप से 10 की संख्या में वस्तुओं का दान करना शुभ माना जाता है।

**प्रसाद:** भीषण गर्मी का समय होने के कारण भक्तों को सत्तू, मटका, और शीतल जल वितरित किया जाता है।

**पर्यावरण और आध्यात्मिक संदेश :** गंगा दशहरा हमें जल संरक्षण का संदेश भी देता है। गंगा भारतीय उपमहाद्वीप की जीवनरेखा है। वह केवल जल की धारा नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र और हमारी सभ्यता की संवाहिका है। वर्तमान समय में, जब नदियाँ प्रदूषण की चपेट में हैं, गंगा दशहरा का यह पर्व हमें शपथ लेने के लिए प्रेरित करता है कि हम अपनी नदियों को स्वच्छ और निर्मल बनाए रखेंगे। विशेषकर गंगा नदी का जल अनेक वर्षों तक भी पात्र में रखा हो तो भी खराब नहीं होता।

**निष्कर्ष :** अंततः, गंगा दशहरा श्रद्धा, कृतज्ञता और आत्म-शुद्धि का संगम है। यह पर्व हमें सिखाता है कि जिस प्रकार भगीरथ ने अपने पूर्वजों के उद्धार के लिए असंभव को संभव कर दिखाया, वैसे ही हमें भी अपने कर्मों की शुद्धि और लोक कल्याण के लिए समर्पित रहना चाहिए। मां गंगा की लहरें हमें पवित्रता और निरंतरता का पाठ पढ़ाती हैं। इसमें स्नान करने एवं गंगा नदी की पूजा, अर्चना व आरती करने पर पापों का नाश होने की मान्यता है।

**''नमामि गंगे तव पाद पंकजम्''** - हे मां गंगे, आपके चरण कमलों में मेरा बारंबार प्रणाम है।

# ''माँ—वह कहानी, जो कभी पूरी नहीं होती''



**माँ** यह केवल एक शब्द नहीं है, यह वह एहसास है जिसे जितना समझने की कोशिश करो, उतना ही गहरा होता जाता है। जीवन में बहुत से रिश्ते आते हैं, कुछ समय के साथ बदल जाते हैं, कुछ दूर हो जाते हैं, पर माँ का रिश्ता ऐसा होता है जो समय, दूरी और परिस्थितियों से परे होता है। वह हमेशा वही रहती है—निस्वार्थ, स्थिर और हर परिस्थिति में हमारे साथ खड़ी।

जब हम छोटे होते हैं, तब हमें माँ का हर काम सामान्य लगता है। सुबह हमें जगाना, हमारे लिए भोजन बनाना, हमारी छोटी-छोटी जरूरतों का ध्यान रखना—यह सब हमें एक दिनचर्या जैसा लगता है। हम कभी यह नहीं सोचते कि इसके पीछे कितनी मेहनत, कितना धैर्य और कितना प्रेम छुपा है। उस समय माँ हमारे लिए बस ''माँ'' होती है, एक ऐसी व्यक्ति जो हमेशा हमारे लिए उपलब्ध रहती है।

लेकिन जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, जीवन की वास्तविकताएँ सामने आने लगती हैं। जिम्मेदारियाँ बढ़ती हैं, संघर्ष बढ़ते हैं, और तब हमें धीरे-धीरे एहसास होता है कि जिस सहारे को हमने हमेशा सहज मान लिया था, वह कितना अनमोल था। माँ केवल हमारी जरूरतों को पूरा नहीं करती, वह हमें हर गिरावट से उठना सिखाती है, हर मुश्किल में मजबूत बने रहना सिखाती है और बिना शर्त प्रेम करना सिखाती है।

**माँ** का प्रेम शब्दों का मोहताज नहीं होता। वह अक्सर अपनी भावनाएँ व्यक्त नहीं करती, पर उसकी हर छोटी-सी चिंता, हर साधारण-सा प्रश्न—''खाना खाया?'', ''तुम ठीक हो ना?''—अपने भीतर एक गहरी संवेदना लिए होता है। वह हमारे चेहरे को देखकर हमारे मन की स्थिति समझ लेती है, बिना हमारे कुछ कहे। शायद यही कारण है कि माँ को समझने के लिए शब्दों की नहीं, भावनाओं की आवश्यकता होती है।

आज के समय में, जब जीवन की गति बहुत तेज हो गई है, हम अक्सर अपने ही संसार में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि माँ के लिए समय निकालना भूल जाते हैं। और तभी एक दिन अचानक हमें याद आता है—आज **मदर्स डे** है।

हम तुरंत फोन उठाते हैं, एक संदेश लिखते हैं, एक तस्वीर साझा करते हैं। पर क्या कभी सोचा है—क्या माँ के लिए इतना ही काफी है? शायद नहीं।

**मदर्स डे** हमें यह याद दिलाने के लिए आता है कि जिस व्यक्ति ने हमें बिना किसी शर्त के इतना कुछ दिया, हम उसके लिए कितना समय निकालते हैं। यह दिन सिर्फ उत्सव नहीं है, यह एक छोटा-सा ठहराव है—जहाँ हम अपने जीवन की सबसे महत्वपूर्ण इंसान की ओर वापस देखते हैं।

माँ कभी अपने लिए कुछ नहीं मांगती। वह अपनी खुशियों को भी हमारे नाम कर देती है। उसके लिए हमारी सफलता ही उसकी सबसे बड़ी खुशी होती है, और हमारी तकलीफ उसका सबसे बड़ा दुख। वह बिना किसी अपेक्षा के हमें सब कुछ देती है, और शायद यही उसकी सबसे बड़ी महानता है।

इस **मदर्स डे**, अगर सच में कुछ अलग करना है, तो किसी महंगे उपहार की जरूरत नहीं है। बस उसके पास बैठिए, बिना किसी जल्दबाजी एवं बिना किसी फोन के, और कहिए—

**''माँ, आज आपकी बातें सुनते हैं।''**

शायद वह ज्यादा कुछ नहीं कहेगी, पर उसकी आँखों में जो सुकून होगा, वही इस दिन का सबसे बड़ा उपहार होगा।

यदि माँ हमारे साथ है, तो हमें उसके साथ बिताए हर क्षण को संजोना चाहिए। और यदि वह हमारे पास नहीं है, तो उसकी स्मृतियों को अपने जीवन में जीवित रखना ही उसके प्रति सच्चा सम्मान है। क्योंकि माँ कहीं नहीं जाती, वह बस हमारे अंदर बस जाती है।

अंततः, माँ हमारे जीवन की वह आधारशिला है, जिस पर हमारा सम्पूर्ण अस्तित्व टिका हुआ है। वह हमारे जीवन की सबसे सच्ची, सबसे पवित्र और सबसे अनमोल धरोहर है। इसलिए यह आवश्यक है कि हम उसे केवल एक संबंध के रूप में नहीं, बल्कि एक अमूल्य उपहार के रूप में समझें—एक ऐसा उपहार, जो हमें जीवन भर मिलता रहता है, बिना किसी शर्त के, बिना किसी सीमा के। **मदर्स डे केवल एक दिन है, पर माँ का महत्व हर दिन है।** इसलिए उसे केवल एक अवसर पर नहीं, बल्कि हर दिन महसूस करना और सम्मान देना ही सच्चा प्रेम है।

**हर दिन माँ के नाम होना चाहिए,**
**एक दिन तो बस बहाना है।**
**माँ की मुस्कान में ही मेरी पूरी दुनिया बसती है।**
**आज जो हूँ, माँ की वजह से हूँ।**
माँ—मेरी पहली दोस्त, मेरी सबसे बड़ी ताकत।

**- सीमा कुमावत**



12वीं सदी की पत्थर की मूर्ति जिसे **''मदर एंड चाइल्ड''** के नाम से जाना जाता है। यह मूर्ति भारत के खजुराहो की है, जिसे चंदेल वंश के दौरान बनाया गया था। यह एक कलात्मक चमत्कार है जो माँ के कोमल बंधन को दिखाता है। यह काम इमोशनल कनेक्शन पर ज़ोर देता है, जो पालन-पोषण और देखभाल का प्रतीक है।

विज्ञापन



# KUMAWAT PUBLIC SCHOOL

## PLAY GROUP TO CLASS 12TH ENGLISH MEDIUM

## SUBJECT TOPPER 2025-26

### ENGLISH

| | |
|---|---|
| NANCY TILAWAT | 98/100 |
| NILAKSHI KANWAR | 98/100 |
| RIYA RATHORE | 96/100 |
| INDRA CHOUHAN | 94/100 |
| ANKIT KUMAWAT | 93/100 |
| PAWAN KUMAWAT | 91/100 |
| DEEPIKA CHOUHAN | 91/100 |
| SAUMYA DIXIT | 90/100 |
| AKSHA QURESHI | 90/100 |
| HIMANSHU GOYAL | 89/100 |
| SUMAN KANWAR | 89/100 |
| SHIVANGI ARYA | 86/100 |
| GANGA GHARTI | 86/100 |
| NADIYA | 85/100 |
| PAYAL DAS | 84/100 |
| GUNJAN VERMA | 83/100 |
| GAURI KANWAR | 83/100 |
| ISHIKA | 78/100 |
| SHIKHA DIXIT | 78/100 |
| DIVYANSHU KUMAWAT | 77/100 |
| RAJAT KUMAR DEEGWAL | 76/100 |
| SUHANA | 75/100 |
| HUSNARA | 75/100 |
| PRIYA MISHRA | 75/100 |
| SRISHTI SINGH | 75/100 |
| DHEERAJ SINGH | 75/100 |
| MOHIT VERMA | 75/100 |

### BUSINESS STUDIES

| | |
|---|---|
| NILAKSHI KANWAR | 98/100 |
| INDRA CHOUHAN | 94/100 |
| RIYA RATHORE | 91/100 |
| MOHIT VERMA | 79/100 |
| NAITIK SINGH | 67/100 |
| SHANU SAIN | 67/100 |

### ECONOMICS

| | |
|---|---|
| NILAKSHI KANWAR | 94/100 |
| SUMAN KANWAR | 90/100 |
| DEEPIKA CHOUHAN | 86/100 |
| SAUMYA DIXIT | 86/100 |
| RIYA RATHORE | 76/100 |
| DHEERAJ SINGH | 68/100 |

### ACCOUNTANCY

| | |
|---|---|
| NILAKSHI KANWAR | 96/100 |
| INDRA CHOUHAN | 87/100 |
| RIYA RATHORE | 78/100 |
| MOHIT VERMA | 67/100 |

### MATHEMATICS

| | |
|---|---|
| GUNJAN VERMA | 100/100 |
| ANKIT KUMAWAT | 98/100 |
| HIMANSHU GOYAL | 98/100 |
| RAJ KUMAR MAHAWAR | 95/100 |
| DIVYANSHU KUMAWAT | 92/100 |
| ISHIKA | 89/100 |
| SAMIKSHA DHANKA | 84/100 |
| HUSNARA | 84/100 |
| MO. SALMAN QURESHI | 84/100 |
| RAHUL | 82/100 |
| SUHANA | 81/100 |
| AKSHA QURESHI | 77/100 |
| SUHANA KOSAR | 76/100 |
| NADIYA | 75/100 |
| NEERAJ PANDEY | 75/100 |
| SHIKHA BHADORIYA | 73/100 |

### GEOGRAPHY

| | |
|---|---|
| NANCY TILAWAT | 98/100 |
| DEEPIKA CHOUHAN | 95/100 |
| GAURI KANWAR | 95/100 |
| SAUMYA DIXIT | 95/100 |
| GANGA GHARTI | 93/100 |
| PAYAL KUMARI | 90/100 |
| SUMAN KANWAR | 90/100 |
| PAYAL DAS | 89/100 |
| KUSUM KUMAWAT | 85/100 |
| RAKESH BAIRWA | 77/100 |
| PRIYANKA DABI | 75/100 |
| DHEERAJ SINGH | 73/100 |
| PRATEEK RUNIWAL | 70/100 |
| HARISH KUMAR | 66/100 |
| ADITYA KUMAR MEHTO | 65/100 |

### COMPUTER SCIENCE

| | |
|---|---|
| DEEPIKA CHOUHAN | 96/100 |
| INDRA CHOUHAN | 95/100 |
| SAUMYA DIXIT | 94/100 |
| DHEERAJ SINGH | 92/100 |
| NIKHIL BADOLIYA | 86/100 |
| MOHIT VERMA | 85/100 |
| RAKESH BAIRWA | 80/100 |
| NAITIK SINGH | 79/100 |
| HARISH KUMAR | 77/100 |
| DIVYA JAJORIYA | 76/100 |
| MANISH MEENA | 73/100 |
| PRATEEK RUNIWAL | 73/100 |
| JANVI YADAV | 68/100 |

### CHEMISTRY

| | |
|---|---|
| HIMANSHU GOYAL | 86/100 |
| ANKIT KUMAWAT | 83/100 |
| PAWAN KUMAWAT | 79/100 |
| GUNJAN VERMA | 79/100 |
| RAJ KUMAR MAHAWAR | 77/100 |
| NEERAJ PANDEY | 77/100 |
| MANSI MAHAWAR | 74/100 |
| MO SALMAN QURESHI | 70/100 |
| SRISHTI SINGH | 69/100 |
| VISHAL | 69/100 |
| RAJAT KUMAR DEEGWAL | 67/100 |
| SAKSHI TANWAR | 64/100 |

### DRAWING

| | |
|---|---|
| GANGA GHARTI | 95/100 |
| GAURI KANWAR | 93/100 |
| KUSUM KUMAWAT | 91/100 |
| PAYAL DAS | 91/100 |
| PRIYANKA DABI | 86/100 |
| NAKUL KATARIA | 85/100 |
| GAURAV KUMAR RANA | 83/100 |
| ADITYA KUMAR MEHTO | 82/100 |
| ROHIT SINGH NATHAWAT | 81/100 |
| SAURABH BURMAN | 81/100 |

### POLITICAL SCIENCE

| | |
|---|---|
| NANCY TILAWAT | 96/100 |
| SUMAN KANWAR | 84/100 |
| GAURI KANWAR | 79/100 |
| GANGA GHARTI | 78/100 |
| RAKESH BAIRWA | 76/100 |
| PAYAL DAS | 71/100 |
| PAYAL KUMARI | 69/100 |
| PRATEEK RUNIWAL | 68/100 |

### BIOLOGY

| | |
|---|---|
| PAWAN KUMAWAT | 85/100 |
| MANSI MAHAWAR | 69/100 |
| SHIVANGI ARYA | 62/100 |
| SRISHTI SINGH | 60/100 |

### PHYSICS

| | |
|---|---|
| ANKIT KUMAWAT | 81/100 |
| HIMANSHU GOYAL | 72/100 |
| PAWAN KUMAWAT | 68/100 |
| RAJ KUMAR MAHAWAR | 68/100 |

### HINDI

| | |
|---|---|
| DIVYANSHU KUMAWAT | 98/100 |
| SHIKHA BHADORIYA | 96/100 |
| SAMIKSHA DHANKA | 95/100 |
| SUHANA | 94/100 |
| NADIYA | 93/100 |
| VANSH SHARMA | 93/100 |
| PRIYA KUMARI | 92/100 |
| HUSNARA | 92/100 |
| PAYAL SINGH RAWANI | 91/100 |
| RAHUL | 91/100 |
| VISHAL KUMAR | 91/100 |
| NANCY TILAWAT | 91/100 |
| DIKSHA KUMARI | 90/100 |
| AKSHA QURESHI | 89/100 |
| ISHWAR SINGH | 89/100 |
| KARISHMA CHAHILA | 89/100 |
| SUHANA KOSAR | 89/100 |
| GOURI KANWAR | 89/100 |
| MANISH YADUVANSHI | 88/100 |
| SAKSHI DHANKA | 88/100 |
| SHIKHA DIXIT | 87/100 |
| GANGA GHARTI | 86/100 |
| HARENDRA KUMAR | 85/100 |
| SHAGUN MEENA | 85/100 |
| KASHISH SINGH RATORE | 85/100 |
| SUMAN KANWAR | 85/100 |
| ALFAIZ QURESHI | 84/100 |
| FIROZ MANSURI | 84/100 |
| SACHIN KUMAR SHARMA | 83/100 |
| ISHIKA | 83/100 |
| SIMRAN GHARTI | 83/100 |
| GUNJAN VERMA | 82/100 |
| CHANDAN KUMAR DABI | 81/100 |
| ANISHA BAGDI | 80/100 |
| NILAKSHI KANWAR | 80/100 |
| SANA | 79/100 |
| ALIYA ABBAS | 78/100 |
| AYAN | 78/100 |
| KANISHKA VERMA | 78/100 |
| KUSUM KUMAWAT | 78/100 |
| HIMANSHU GOYAL | 78/100 |
| ESHA | 77/100 |
| PRIYA MISHRA | 77/100 |
| GAURI KANWAR | 77/100 |
| PAWAN KUMAWAT | 77/100 |
| DEEPIKA CHOUHAN | 75/100 |
| MANSI MAHAWAR | 75/100 |

### SANSKRIT

| | |
|---|---|
| SUHANA | 94/100 |
| SAMIKSHA DHANKA | 92/100 |
| AKSHA QURESHI | 90/100 |
| SHIKHA BHADORIYA | 87/100 |
| VASUDEV | 83/100 |
| PRIYA KUMARI | 79/100 |
| SHIKHA DIXIT | 78/100 |
| PAYAL SINGH RAWANI | 77/100 |
| ISHIKA | 77/100 |
| VANSH SHARMA | 73/100 |
| SIMRAN GHARTI | 72/100 |
| RAHUL | 71/100 |
| ALFAIZ QURESHI | 70/100 |
| MANISH YADUVANSHI | 70/100 |

### SCIENCE

| | |
|---|---|
| DIVYANSHU KUMAWAT | 97/100 |
| SAMIKSHA DHANKA | 92/100 |
| SUHANA | 91/100 |
| ISHIKA | 91/100 |
| SUHANA KOSAR | 89/100 |
| VANSH SHARMA | 83/100 |
| AKSHA QURESHI | 82/100 |
| HUSNARA | 82/100 |
| NADIYA | 81/100 |
| SAKSHI DHANKA | 80/100 |
| PRIYA KUMARI | 78/100 |
| SHAGUN MEENA | 76/100 |
| PRIYA MISHRA | 75/100 |
